एक भारत श्रेष्ठ भारत

शासकीय कन्या महाविद्यालय बीना में दिनाँक **17/02/2020** को एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छ भारत, जल संरक्षण एवं पॉलिथीन मुक्त भारत के लिए महाविद्यालय परिवार एवं सभी छात्राओं को प्राचार्य डॉ चंदा रत्नाकर ने शपथ दिलाते हुए कहा कि यह वह समय है जब हमें एक साथ मिलकर अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखना हम सभी का नैतिक दायित्व है ।जल संरक्षण के प्रति प्रत्येक नागरिक को जागरूक रहना है क्योंकि जल प्रकृति की अनमोल धरोहर है। नोडल अधिकारी डॉ संध्या टिकेकर ने कहा कि पॉलिथीन के प्रयोग से हमारा पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है यह पर्यावरण और मानव के स्वास्थ्य दोनों के लिए हानिकारक है । स्वच्छता एवं जल संरक्षण के लिए हम सभी को एकजुट होकर प्रयास करना होगा। कार्यक्रम प्रभारी डॉ निशा जैन ने कहा कि देश के प्रत्येक नागरिक को जल संरक्षण हेतु जागरूक रहना होगा एवं स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाना है तो पॉलिथीन के स्थान पर कपड़े के थैले का उपयोग करेंगे तभी हमारा देश पॉलिथीन मुक्त भारत बन सकेगा ।इस अवसर पर डॉ रेनू शर्मा, प्रोफेसर विनय दुबे, डॉ उमा लवानिया, डॉ रश्मि जैन ,प्रो प्रकाश चंद्र, डॉ विशाल मिश्रा , सुश्री नम्रता गर्ग , श्री दिनेश राय , डॉ हरिशंकर एवं आशीष रजक, और छात्राएं उपस्थित थे।